exchange for which we are earnestly in need.

MR. SPEAKER: The Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

अमरीका के आयात और निर्यात बैंक से ऋण

†250. श्री राम प्यारे पनिका :
श्री हीरा लाल आर० परमार :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत को जनवरी, 1980 से अमरीका को आयात और निर्यात बैंक से ऋण प्राप्त हुए हैं ;

(ख) यदि हां, तो वह कितनी राशि के हैं और उनका उपयोग परियोजनावार कैसे किया जाएगा ; और

(ग) इनका भुगतान कितनी अवधि किया जाएगा और उन पर ब्याज की दर क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री आर० वेंकटरामन) : (क) से (ग) : जी, हां । एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

क्रम संख्या	ऋणकर्ता का नाम	करार की तारीख	राशि	प्रयोजन	ब्याज की दर	वापसी-अदायगी की अवधि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	एयर इण्डिया	17–1–1980	5.0 करोड डालर	तीन बोइंग 747 हवाई-जहाजों की आंशिक लागत को पूरा करने के लिए	8-3/8 प्रतिशत वार्षिक	6-1/2 वर्ष की रियायती अवधि अवधि सहित 10 वर्ष
2	इण्डियन एयर लाइनन्स	9–6–1980	3.5 करोड डालर	छः बोइंग 737 हवाई जहाजों की आंशिक लागत को पूरा करने के लिए	(क) 1.946 करोड़ डालर की पहली किस्त पर 8-3/8 प्रतिशत वार्षिक; और (ख) 1.554 करोड़ डालर की दूसरी किस्त पर 8–112 प्रतिशत वार्षिक	5 वर्ष की रियायती अवधि सहित 10 वर्ष
3	स्टेट बैंक आफ इंडिया	30–6–1980	85.0 लाख डालर ——— 9.35 करोड़ डालर ———	भारतीय आयातकों द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात किये जाने वाले पूंजीगत उपस्करों के वित्तपोषण के लिए	(क) 8 वर्ष से कम अवधि के ऋणो पर 7-3/4 प्रतिशत वार्षिक और (ख) 8 वर्ष में वापस किये जाने वाले ऋणों पर 8 प्रतिशत	लागत मदों के संविदायत मूल्य के अनुसार 5 से 8 वर्ष (क) 40 लाख डालर तक के मूल्यों के संविदाओं के मामले में 5 वर्ष

(ख) 40 लाख डालर से अधिक लेकिन 75 लाख डालरसे कम मूल्य के संविदाओं के मामलों में 7 वर्ष।

(ग) 75 लाख डालर अथवा उससे अधिक मूल्य के संविदाओं के मामले में 8 वर्ष ।